| |
|---|
| दिनांक 16.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 381/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद मीरजापुर/थाना चुनार

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.07.2026 को थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भरपुर तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मोनू उर्फ राधेश्याम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना चुनार पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चुनार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोनू उर्फ राधेश्याम निवासी रैपुरिया थाना चुनार जनपद मीरजापुर।

## जनपद उन्नाव/थाना अजगैन

- **10—10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 02 मोटर साइकिल**
- **चोरी के 03 मोबाइल फोन व नगद रूपये बरामद**

दिनांक 16.07.2026 को थाना अजगैन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हिमसिटी के पास से 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1—राहुल उर्फ गोलू 2—गोविन्द को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 02 मोटर साइकिल, चोरी के 03 मोबाइल फोन व नगद रूपये बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त राहुल के विरूद्ध जनपद उन्नाव के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर

एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 12 अभियोग एवं अभियुक्त गोविन्द के विरूद्ध जनपद उन्नाव के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना अजगैन पर पंजीकृत गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10–10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना अजगैन पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल उर्फ गोलू निवासी जालिमखेड़ा थाना अजगैन जनपद उन्नाव।

2–गोविन्द निवासी ग्राम हिम्मतगढ़ थाना सोहरामऊ।

**बरामदगी**

1–चोरी की 02 मोटर साइकिल।

2–चोरी के 03 मोबाइल फोन व नगद रूपये।

## जनपद अम्बेडकरनगर/थाना जैतपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की लगभग 10 लाख 80 हजार 400 रूपये (कीमत) की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **01 लाख 40 हजार 620 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 16.07.2026 को थाना जैतपुर, सर्विलासं व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अम्बरपुर से सेहरी जाने वाले मार्ग पर स्थित नटौलिया मोड से 02 अभियुक्तों 1–मो0 कलीम 2–हसीब को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की लगभग 10 लाख 80 हजार 400 रूपये (कीमत) की पीली–सफेद धातु के आभूषण, 01 लाख 40 हजार 620 रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना जैतपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जैतपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद

आभूषण, रूपये चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त मो0 कलीम के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर, अयोध्या, आजमगढ़ व गाजीपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास आदि के 22 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना जैतपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 कलीम निवासी ग्राम काजीटोला, तम्बौर खास थाना तम्बौर जनपद सीतापुर।

2–हसीब निवासी ग्राम आजादनगर, तम्बौर खास थाना तम्बौर जनपद सीतापुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की लगभग 10 लाख 80 हजार 400 रूपये (कीमत) की पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–01 लाख 40 हजार 620 रूपये नगद।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना गोमतीनगर विस्तार**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **भारी मात्रा में चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **नगद रूपया, 07 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ई–रिक्शा बरामद**

दिनांक 16.07.2026 को थाना बंधा रोड निकट शालीमार अपार्टमेन्ट के पास से 06 अभियुक्तों 1–धीरज 2–नीरज कुमार 3–सचिन 4–सर्वेश 5–धर्मेन्द्र 6–सुमित को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से भारी मात्रा में चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, नगद रूपया, 07 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 ई–रिक्शा बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 14.07.2026 को थाना गोमतीनगर विस्तार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर विस्तार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना गोमतीनगर विस्तार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–धीरज निवासी बाघामऊ थाना गोमतीनगर विस्तार कमिश्नरेट लखनऊ।

2–नीरज कुमार निवासी गवान बाजार थाना कोतवाली जनपद छपरा बिहार, हालपता राम आसरे पुरवा थाना गोमतीनगर विस्तार कमिश्नरेट लखनऊ।

3–सचिन निवासी ग्राम कसैला थाना खैराबाद सीतापुर, हालपता लोनापुर थाना बीबीडी कमिश्नरेट लखनऊ।

4–सर्वेश निवासी रसूलपुर धरैचा बाजार थाना खैराबाद जनपद सीतापुर, हालपता सेक्टर 01 थाना गोमतीनगर विस्तार कमिश्नरेट लखनऊ।

5–धर्मेन्द्र निवासी ग्राम रुहिया शिवपुर थाना तम्बोर जनपद सीतापुर, हालपता विपुलखण्ड 05 थाना गोमतीनगर विस्तार कमिश्नरेट लखनऊ।

6–सुमित निवासी ग्राम कोटी थाना कोटी कमिश्रनेट आगरा, हालपता– एसटीपी चौराहे थाना बीबीडी कमिश्नरेट लखनऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–भारी मात्रा में चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–नगद रूपया, 07 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 01 ई–रिक्शा।

**<u>कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–63</u>**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 लैपटॉप, 36 सीपीयू, 48 मोबाइल फोन, 32 सिम कार्ड, टैक्स इनवॉइस एवं अन्य दस्तावेज आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2026 को थाना सेक्टर–63 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ए–135 सेक्टर 63 से व्यापारियों व उधमियो से काल करके आनलाइन मार्केटिंग व फर्जी सार्टिफिकेट देकर धोखाधड़ी करने, फर्जी कॉल सेन्टर चलाने वाले 03 अभियुक्तों 1–रणबीर 2–ललित कुमार 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों

के कब्जे/निशादेही से 10 लैपटॉप, 36 सीपीयू, 48 मोबाइल फोन, 32 सिम कार्ड, टैक्स इनवॉइस एवं अन्य दस्तावेज आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–63 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रणबीर निवासी जीएफ–4 शक्तिखण्ड–4 इन्दिरापुरम कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–ललित कुमार निवासी सी–21 हिंडन विहार ग्राम बरौला थाना सेक्टर–49 नोएडा कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

3–अभियुक्ता।

**बरामदगी**

1–10 लैपटॉप, 36 सीपीयू, 48 मोबाइल फोन, 32 सिम कार्ड, टैक्स इनवॉइस एवं अन्य दस्तावेज आदि।

**जनपद बाराबंकी/थाना हैदरगढ़**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **10 मोबाइल फोन**
- **नगद रूपये बरामद**

दिनांक 16.07.2026 को थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1–रामनेवल 2–पवन को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली–सफेद धातु के आभूषण, 10 मोबाइल फोन, नगद रूपये बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना हैदरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त रामनेवल के विरूद्ध जनपद बाराबंकी के थाना हैदरगढ़ पर चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 14 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना हैदरगढ़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रामनेवल निवासी टिभुईखेड़ा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी।

2—पवन निवासी टिभुईखेड़ा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1—चोरी की पीली—सफेद धातु के आभूषण।

2—10 मोबाइल फोन।

3—नगद रूपये।

- **जनपद श्रावस्ती/थाना सिरसिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद श्रावस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना सिरसिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/323 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त मुस्तकीम को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————